# रोजगार दिवस आयोजन आज, प्रभारी मंत्री आएंगे

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों को ऋण लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिले में दूसरा रोजगार दिवस आयोजन 25 फरवरी को होने जा रहा है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रोजगार दिवस पर बरबड़ विधायक सभागृह में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 60 करोड़ के ऋण लाभ वितरण एक हजार से ज्यादा हितग्राहियों को किए जाएंगे। विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा ऋण लाभ प्रदान किए जाएंगे।

रोजगार दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रहेंगे। अध्यक्षता रतलाम-झाबुआ सांसद गुमानसिंह डामोर, मंदसौर-जावरा सांसद सुधीर गुप्ता, उज्जैन-आलोट सांसद अनिल फिरौजिया करेंगे।

विधायक चैतन्य काश्यप, डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, हर्षविजय गेहलोत तथा मनोज चावला विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 11.00 बजे विधायक सभागृह बरबड सैलाना रोड रतलाम पर आयोजित होगा।

नवभारत

नवभारत 25/2/22

# उचित मूल्य दुकानों से मिलेगा पांच किलो का एलपीजी सिलिंडर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बनाने के लिए वहां पांच किलोग्राम वाले एलपीजी गैस सिलिंडर की खुदरा बिक्री की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें व उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को नजदीकी गैस एजेंसी से एमओयू संपादित करवाएं। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि यह योजना प्रवासी मजदूरों, प्रवासी परिवारों अथवा शहरी क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जो अपने निवास या पता देने में असमर्थ है अथवा ऐसे व्यक्ति जिनके एलपीजी की मासिक खपत साढ़े 14 किलो से कम है या जो सड़क के किनारे ठेले लगाते हैं उनके लिए राहत देगी। योजना में एलपीजी के अधिकृत वितरक तथा उचित मूल्य दुकानदार के बीच अनुबंध एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा सिलिंडर, रेगुलेटर तथा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहां प्रत्येक 15 दिन में उचित मूल्य दुकानदार के साथ सिलिंडर तथा उसके लेखों का मिलान कर रिकार्ड संधारित करेगा।

सुरक्षा संबंधित मापदंडों के बारे में क्षेत्र में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलोग्राम से अधिक एलपीजी अर्थात 20 सिलिंडर से अधिक संख्या नहीं रहेगी।

नईदुनिया | २५/२/२२

# मार्च माह का नियमित राशन 25 फरवरी से वितरण होगा

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत माह जनवरी एवं फरवरी की आवंटित सामग्री का वितरण एकमुश्त माह जनवरी में कराया गया है। माह फरवरी के आवंटन के विरुद्ध शैष रहे परिवार 25 फरवरी तक उनकी पात्रतानुसार राशन सामग्री उचित मूल्य दुकान से प्राप्त कर सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी ने बताया कि माह मार्च में पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार राशन का वितरण नियमित 25 फरवरी तक सशुल्क कराया जाएगा तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (निःशुल्क) खाद्यान्न 16 मार्च से 31 मार्च तक उचित मूल्य दुकानों से किया जाएगा। राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07412-270414 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

[illegible] २५/२/२२

# स्ट्रीट लाइट से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास



रतलाम

रतलाम | अहिंसा ग्राम बायपास का अंधेरा बुधवार रात स्ट्रीट लाइट से दूर हो गया है। विधायक चेतन्य काश्यप ने जैसे ही बटन दबाया रोड एलईडी लाइट से जगमगा गया। प्रताप नगर चौराहा से शुरू होकर घटला ब्रिज तिराहा तक के बायपास पर 94 स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, शैलेंद्र डागा, आयुक्त सोमनाथ झारिया, निमिष व्यास, आदित्य डागा, मंसूर जमादार, रघुवीर सिंह लुनेरा, प्रकाशचंद्र व्यास, बलराम शर्मा, राधेश्याम मारू आदि उपस्थित रहे।

**मिड टॉउन कॉलोनी के रहवासियों को मिलेगा मीठा पानी-** बायपास स्थित मिड टॉउन के रहवासियों को जल्द ही मीठा पानी भी मिलने लगेगा। इस समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक काश्यप ने बल्क कनेक्शन करवाने की घोषणा की। बता दें कि अहिंसा ग्राम बायपास सीसी रोड का निर्माण भी विधायक काश्यप ने ही करवाया था।

दै. भास्कर 25/2/22

जिले में जल्द होने जा रही शुरूआत

# अब राशन दुकानों से मिलेगा 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर

पत्रिका सोशल प्राइड



### एक दुकान पर अधिकतम 20 सिलेंडर रहेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** अब उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बनाने के लिए यहां 5 किलोग्राम की मात्रा वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की बिक्री शुरू होने जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को संबंधित नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर उनसे एमओयू संपादित कराने के लिए प्रेरित करें और की गई कार्रवाई से 15 दिवस में अवगत कराएं।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि उक्त योजना प्रवासी मजदूरों, प्रवासी परिवारों या शहरी क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जो अपने निवास या पता देने में असमर्थ हैं या ऐसे व्यक्ति जिनके एलपीजी की मासिक खपत साढ़े 14 किलोग्राम से कम है या जो सड़क के किनारे ठेले लगाते हैं, उनके लिए अत्यधिक राहत प्रदान करेगी। योजना में एलपीजी के अधिकृत वितरक तथा उचित मूल्य दुकानदार के बीच अनुबंध एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा सिलेंडर, रेगुलेटर तथा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 15 दिन में रिकार्ड संधारित करेगा

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिन में उचित मूल्य दुकानदार के साथ सिलेंडर तथा उसके लेखों का मिलान कर उसका रिकार्ड संधारित किया जाएगा। सुरक्षा संबंधित मापदंडों के बारे में क्षेत्र में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलोग्राम से अधिक एलपीजी यानी 20 सिलेंडर से अधिक संख्या नहीं रहेगी। उचित मूल्य दुकानदार को वितरक द्वारा वर्तमान दर के अनुसार प्रति सिलेंडर 45 रूपए कमीशन प्राप्त होगा।

दे. भास्कर 25/2/22

# राशन दुकानों पर मिलेगा 5 किलो का घरेलू गैस सिलेंडर

**रतलाम** | जिले की राशन दुकानों पर भी अब पांच किलो का गैस सिलेंडर मिलेगा। ऐसे उपभोक्ता जिनकी महीने की खपत 14.5 किलो गैस से कम है। वे राशन दुकानों से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

यह योजना प्रवासी मजदूरों, प्रवासी परिवारों अथवा शहरी क्षेत्र के ऐसे स्टूडेंट जो अपने निवास या पता देने में असमर्थ है अथवा ऐसे व्यक्ति जिनके एलपीजी की मासिक खपत 14.5 किलो से कम है । वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना में एलपीजी के अधिकृत वितरक तथा उचित मूल्य दुकानदार के बीच अनुबंध एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा सिलेंडर, रेगुलेटर तथा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर 15 दिन में उचित मूल्य दुकानदार के साथ सिलेंडर तथा उसके लेखों का मिलान कर उसका रिकार्ड संधारित करेगा। उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बनाने के लिए वहां 5 किलो की मात्रा वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की खुदरा बिक्री की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को संबंधित नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर उनसे एमओयू संपादित करवाने हेतु प्रेरित करें।

दे. भास्कर 25/2/22

# स्ट्रीट लाइट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास



बटन दबाकर स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया



स्ट्रीट लाइट से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास। ● नईदुनिया

**रतलाम।** शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसा ग्राम होते हुए डीमार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाइट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे।

विधायक काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसा ग्राम होते हुए डीमार्ट तक पूर्व में सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कालोनिया, माल आदि होने से नागरिकों का आवागमन रहता है। रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनों ओर 94 स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाइट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना।

नईदुनिया 25/2/22

# आज दस्तावेज अपलोड करने का अंतिम दिन

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 : जिले के नगरीय निकायों में चलती रही प्रक्रिया, एक मार्च से शुरू होगा सर्वे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में इस बार जिले की नगरीय निकायों के आधार पर जिले की रैंकिंग भी तय की जाएगी। इसके चलते सभी निकायों को अच्छे अंक दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए दस्तावेज अपलोड करने के लिए पहले 20 फरवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन बाद में समय सीमा बढ़ाकर 25 फरवरी कर दी गई। गुरुवार को सभी निकायों में दस्तावेज तैयार करने का काम चलता रहा।

स्वच्छता सर्वेक्षण की वेबसाइट पर अगर शुक्रवार तक दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए तो संबंधित निकाय सर्वेक्षण से बाहर हो जाएगा। रतलाम नगर निगम अमले ने दस्तावेज तैयार कर लिए हैं और शुक्रवार को अपलोड किए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी अनवर कुरैशी ने बताया कि परीक्षण कर सभी दस्तावेज समय सीमा में अपलोड कर दिए जाएंगे।

इधर स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश की निकायों की रैंक बेहतर रहे, इसे लेकर नगरीय विकास व आवास विभाग के प्रमुख सचिव मनीषसिंह ने गुरुवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर को पत्र लिख निर्देश दिए हैं कि नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए जाएं। फरवरी व मार्च माह में निकायों के अमले को अन्य कामों में न लगाया जाए।

**स्टार रैंकिंग भी जरूरी:** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नियमों बदलाव किया गया है। हर शहर को स्टार रैंकिंग के लिए 15 मार्च तक एंट्री देनी होगी। इसके लिए भी तैयारी हो रही है। स्टार रैंकिंग के लिए अप्लाय करने के बाद टीम देखेगी कि शहर मे डोर-टू-डोर कचरा उठ रहा है या नहीं, गीला व सूखा कचरा अलग किया जा रहा है या नहीं। पालीथिन के चालान काटे जा रहे हैं या नहीं। नाइट स्वीपिंग हो रही है या नहीं।



स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा बनवाई गई पेंटिंग। • नईदुनिया

### जिले की नगरीय निकाय

नगर निगम-रतलाम
नगर पालिका-जावरा
नगर परिषद-आलोट, सैलाना, ताल, बड़ावदा, पिपलौदा, नामली, धामनोद।

### 7500 अंक का होगा सर्वे, सफाई मित्रों की सुरक्षा भी मानक

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 7500 अंकों की परीक्षा होगी। 2021 में 6000 अंक तय किए गए थे। 2022 के सर्वे में पहली बार सफाई मित्रों (सफाई कर्मचारियों) की सुरक्षा को भी अहम माना गया है। इसके चलते कर्मचारियों को जरूरी संसाधन से भी लैस किया जा रहा है। सर्वाधिक तीन हजार अंक सेवा स्तर प्रगति, नागरिकों की आवाज के लिए 2250 व प्रमाणीकरण के 2250 अंक रहेंगे। सर्वे में कूड़ा प्रोसेसिंग, लिफ्टिंग, सेग्रीगेशन, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन व सीएंडडी (कचरे को अलग-अलग करने व निस्तारण करने) प्लांट के लिए 3000 अंक निर्धारित है। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के 3000 अंक के लिए देखा जाएगा कि निकाय में डिजिटल ट्रैकिंग लागू किया या नहीं। कूड़ा लिफ्टिंग का स्तर भी परखा जाएगा।

> सभी नगरीय निकायों में दस्तावेज समय सीमा पर अपलोड हो जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर लगातार मानीटरिंग की जा रही है।
> -अरुण पाठक, परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण

नई दुनिया। २५/२/२२

समिति के सचिव राहत दशबंधु, सुरेश नायर आदि उपस्थित थे।

## महिला बोली, सिलेंडर के दाम कम करवाओ



रतलाम. कांग्रेस द्वारा घर चलो घर-घर चलो अभियान जारी है। शक्तिनगर में जनसपर्क के दौरान एक महिला ने कांग्रेस नेताओं को कह दिया कि सिलेंडर के दाम कम करवाओ। असल में महिला क्षेत्र में आए कांग्रेस नेताओं को भाजपा का कार्यकर्ता समझ नाराज हो गई थी। गुरुवार सुबह ब्लॉक क्रमांक 2 में शक्तिनगर क्षेत्र में कांग्रेस के घर चलो, घर - घर चलो अभियान चलाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा वार्डों में जाने पर जिस तरह से आमजन की नाराजी सामने आ रही है, उससे यह सामने आ रहा है कि लोग सरकार से किस तरह से परेशान है। जल्दी ही कई समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## श्वान के बच्चों की मौत पर शिकायत

रतलाम. शहर में श्वानों (कुत्तों) के प्रति एक बार फिर क्रूरता सामने आई है। काटजू नगर में किसी ने कुत्ते के पांच बच्चों को ज्वलनशील पदार्थ देकर मार दिया। पशुप्रेमी संघ ने औद्योगिक पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की है। पशु संरक्षण संस्था के अंशुल सोलंकी ने बताया काटजू नगर स्थित खाली प्लाट पर करीब एक श्वान ने 5 बच्चों को जन्म दिया था। परिवार में विवाह होने के कारण बाहर रहा, 3 दिन पहले श्वान के उन बच्चों को देखने गया तब काफी बदबू आ रही थी। मैंने इसकी सूचना संस्था के अन्य सदस्यों को दी जब उक्त स्थान पर अंदर जाकर देखा तो सभी 5 बच्चे मृत अवस्था में पड़े थे। ऐसा प्रतीक हो रहा था कि किसी ने द्वेष की भावना से उनको मारा है। औद्योगिक थाने पर जांच कर आपराधिक व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही की मांग सदस्यों द्वारा की गई।

पत्रिका 25/2/22

## 42 आवेदन ले गए, 9 ने किए जमा, सबसे अधिक जर्मन शेफर्ड

# स्वीटी से लेकर विस्की तक के लिए चाहिए लाइसेंस

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में करीब एक माह पूर्व नगर निगम ने कुत्ता पालने के लिए नगर निगम ने लाइसेंस अनिवार्य किया था। एक सप्ताह में लाइसेंस लेना जरूरी किया गया था। एक अनुमान के मुताबिक शहर में करीब 5 हजार घरों में कुत्ते हैं, लेकिन निगम के पास एक माह में लाइसेंस का आवेदन लेने के लिए मात्र 42 कुत्ता पालक गए। इनमे भी जमा मात्र 9 ने किया है। जो आवेदन जमा हुए उसमे किसी कुत्ते का नाम स्वीटी तो किसी का विस्की है। शहर में सबसे अधिक कुत्ते जर्मन शेफार्ड नस्ल के हैं।

नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत शहर में निवासरत ऐसे नागरिक जो कि अपने घरों में कुत्ते पालते हैं उनको अपने कुत्ते का पंजीयन नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की लायसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से कराना है। पंजीयन के अलावा कुत्ता पालने वालों के लिए कई नियम हैं। इसमे कुत्तों के गले में घर के बाहर रहने के दौरान पट्टा होना, घर के बाहर शौच नहीं करना, एक घर में दो से अधिक कुत्ते नहीं होना, कुत्ते के पिता की जानकारी होना, कुत्ते की नस्ल के बारे में जानकारी होना अनिवार्य है।



### यह है मैदानी हकीकत

नगर निगम के आदेश को शहर में किसी ने गंभीरता से लिया ही नहीं। इसकी एक बडी वजह निगम के अधिकारियों का शहर में खौफ नहीं होना है। ऐसे में एक माह में 42 लोग पंजीयन के लिए आवेदन तो ले गए, लेकिन जमा करने मात्र 9 लोग ही आए। अब तक जो आवेदन पंजीयन के लिए जमा हुए हैं उनमे कुत्तों के मिलते - जुलते नाम में प्रमुख रुप से विस्की, स्वीटी, गोल्डी, रॉक्सी, लियो, बोरिस, मिली आदि हैं। इसके अलावा जर्मन शेफर्ड, लेब्रा, पोमेलियन नस्ल के कुत्ते सबसे अधिक हैं।

### इतना शुल्क जरूरी

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के लायसेंस शाखा में प्रति कुत्ता एक हजार रुपए ... 500 रुपए लायसेंस शुल्क देना है। इसके अलावा पंजीयन का नवीनीकरण 100 रुपए में हर वर्ष होगा।

### जब्त किए जाएंगे कुत्ते

शहर के वे सभी कुत्ता पालक, जिन्होंने अब तक पंजीयन नहीं करवाया है, उनका सर्वे किया जाएगा। एक पखवाड़े में पंजीयन नहीं होने पर कुत्ते जब्त कर लिए जाएंगे।

- सोमनाथ झारिया, आयुक्त नगर ...

दै. भास्कर 25/2/22

# स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग





रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो , इस हेतु सड़क के दोनो ओर ९४ स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है। मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार व आभार राधेश्याम मारू ने माना। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

नवभारत २५/२/२२

# स्ट्रीट लाइट से जगमगा उठा अहिंसा ग्राम

रतलाम ● शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डीमार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाइट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे। विधायक चैतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डीमार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनियां, मॉल आदि होने से आवागमन रहता है। रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनों ओर 94 स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है। मिड्टाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिड्टाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाइट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना। स्वदेश

स्वदेश २५/२/२२

# उचित मूल्य दुकानों पर मिलेगा 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर

रतलाम। शासन की योजना अनुसार उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से अधिक मजबूत

**▶ कलेक्टर के कार्रवाई से 15 दिवस में अवगत कराने के निर्देश**

बनाने के लिए वहां 5 किलोग्राम की मात्रा वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की खुदरा बिक्री की जाएगी।




कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को संबंधित नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर उनसे एमओयू संपादित करवाने हेतु प्रेरित करें और की गई कार्रवाई से 15 दिवस में अवगत कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि उक्त योजना प्रवासी मजदूरों, प्रवासी परिवारों अथवा शहरी क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जो अपने निवास या पता देने में असमर्थ है अथवा ऐसे व्यक्ति जिनके एलपीजी की मासिक खपत साढ़े 14 किलोग्राम से कम है या जो सड़क के किनारे ठेले लगाते हैं उनके लिए अत्यधिक राहत प्रदान करेगी। योजना में एलपीजी के अधिकृत वितरक तथा उचित मूल्य दुकानदार के बीच अनुबंध एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा सिलेंडर, रेगुलेटर तथा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहां प्रत्येक 15 दिन में उचित मूल्य दुकानदार के साथ सिलेंडर तथा उसके लेखों का मिलान कर उसका रिकार्ड संधारित करेगा।

## उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा

सुरक्षा संबंधित मापदंडों के बारे में क्षेत्र में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलोग्राम से अधिक एलपीजी अर्थात 20 सिलेंडर से अधिक संख्या नहीं रहेगी। उचित मूल्य दुकानदार को वितरक द्वारा वर्तमान दर के अनुसार प्रति सिलेंडर 45 रुपए कमीशन प्राप्त होगा।

नवभारत

नवभारत 25/2/22

# 32 कचरा कलेक्शन वाहन कंडम, अभी 49 वार्ड में सिर्फ 53 चल रहे, रोज 80 टन कचरा ही उठ रहा

## गार्बेज फ्री सिटी में फाइव स्टार रेटिंग पर संकट, अच्छे नंबर लाने 100 प्रतिशत कचरे का संग्रहण जरूरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मार्च-अप्रैल में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में भी रतलाम को फाइव स्टार रेटिंग मिलना मुश्किल है क्योंकि शहर का 100 प्रतिशत कचरा नहीं उठ रहा है। नगर निगम के घटिया रखरखाव की वजह से डोर-टू-डोर 32 कचरा कलेक्शन वाहन कंडम हो गए हैं। इनमें से 24 छह साल और 7 वाहन 8 साल पुराने हैं जबकि एक 2018 में खरीदा था। ये वाहन भी चलने लायक नहीं बचा।

स्वच्छता अभियान पर पूरा फोकस करने के बावजूद अभी निगम 49 वार्ड में सिर्फ 53 गाड़ियों से ही कचरा कलेक्शन कर रहा पा रहा है। इसके चलते जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड तक औसतन 88 प्रतिशत (लगभग 80 टन) कचरा ही पहुंच रहा है। बाकी 12 प्रतिशत कचरा नहीं उठा पा रहा है। इसका असर जीएफसी स्टार रेटिंग पर पड़ेगा क्योंकि उसमें अच्छे नंबर लाने 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित करना जरूरी है।



नगर निगम परिसर में खड़े कंडम वाहन।

### ये है कंडम वाहनों का हिसाब

- डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 32- इनमें से 2016 में 24, 2014 में 7, 2018 में 1 खरीदा।
- लोडिंग वाहन 3- इनमें से 2010 में 2, 2014 में 1 खरीदा।
- ट्रैक्टर 3- इनमें से 2011 में 1, बाकी 2 का पता नहीं।
- फायर वाहन 1- यह 2000 में खरीदा।
- मोबाइल टायलेट 1- यह 2012 में खरीदा।

### 144 वाहन हैं निगम के बेड़े में

87 कचरा कलेक्शन वाहन, 2 कॉम्पेक्टर, 5 छोटे लोडिंग, 5 डंपर, 5 फायर लॉरी, 1 क्विक रिस्पांस व्हीकल, 5 जेसीबी, 1 पोकलेन, 2 सक्शन कम जेटिंग मशीन, 1 पशु वाहन, 2 लोडिंग कम पैसेंजर, 7 अधिकारी वाहन, 1 रोड रोलर, 8 ट्रैक्टर, 1 स्वीपिंग मशीन, 5 बड़े लोडिंग, 6 अन्य।

### निगम कार्यशाला में ढंग के मैकेनिक नहीं

एक तो निगम की कार्यशाला में ढंग के मैकेनिक नहीं हैं, जो हैं वे ठीक से मेंटिनेंस नहीं कर पाते। नतीजा, लाखों खर्च करके वाहनों की बाहरी गैरेज में मरम्मत करवाना पड़ रही है। इस समस्या का निराकरण करने के बजाय निगम के अफसर 12 नए वाहन खरीदने की फिराक में हैं। निगम से चली वाहन खरीदी की फाइल फिलहाल तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने लौटा दी है बल्कि पुराने लगभग 87 कचरा कलेक्शन वाहनों का हिसाब-किताब मांग लिया है। कंडम वाहनों को ढूंढते हुए अफसरों को सालों से गैरेज पर खड़ी गाड़ियों की याद आई जिन्हें उठवाकर निगम लाना पड़ा।

द.भास्कर २५/२/२२

**अवैध कॉलोनियों की खेती :** लेटलतीफी का उठाया फायदा, एक को मिली अग्रिम जमानत

# कॉलोनाइजरों को नहीं पकड़ना चाहती पुलिस, 17 में से अब तक एक को भी नहीं पकड़ पाए!

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना अनुमति के अवैध कॉलोनियों बनाने वाले भूमाफिया कॉलोनाइजरों को पुलिस ही पकड़ना नहीं चाहती। 1 व 8 दिसंबर को निगम ने 17 कॉलोनाइजरों के खिलाफ शहर के तीन थाने में एफआईआर करवाई थी। लगभग तीन माह होने को आए है, अब तक पुलिस एक भी कॉलोनाइजर पर हाथ तक नहीं धर पाई है। पुलिस की इस सुस्त चाल का फायदा कॉलोनाइजरों को ही मिल रहा है। तेज सिंह धभाई नामक एक अवैध कॉलोनाइजर को अग्रिम जमानत मिल गई है। अब बाकी भी उसी जुगाड़ में जुट गए हैं। वहीं खुद को दबंग साबित करने पर तुले पुलिस अफसर कॉलोनाइजरों को गिरफ्तार करने के बजाए नोटिस देने, राजस्व, नगर निगम और रजिस्ट्रार से रिकॉर्ड मंगवाने जैसे रटे-रटाए सरकारी जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। 2 अक्टूबर से 17 नवंबर तक राजस्व की रिपोर्ट के आधार पर पांच बार में प्रशासन, निगम और राजस्व अमले ने 9 अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की थी। इसमें बिना अनुमति बनाए सड़क, ड्रेनेज, बिजली पोल, बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माण को बुलडोजर से तोड़ दिया था।

## शहर के इन क्षेत्रों में कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं अफसर



इटावामाताजी रोड स्थित अवैध कॉलोनी।

- सागोद रोड, जयंतसेन धाम मंदिर के पीछे बड़ी भूखंड वाली कॉलोनी
- थिरियाखेड़ी
- होमगार्ड रोड
- 80 फीट रोड
- ईटावामाताजी रोड बिजासन मंदिर के सामने
- नामली-पंचेड़ रोड
- कनेरी रोड
- करमदी रोड

### कॉलोनाइजर जिन पर दर्ज है एफआईआर

- तेजसिंह शंभूसिंह, धभाईजी का वास (अग्रिम जमानत पर)
- मुजीब इनामुरेहमान, अशोक नगर
- अशरफ अब्दुल कलाम बेलिम, ईमलीवाली गली
- शिवनारायण और अशोक मांगीलाल राठौर, रामगढ़
- धन्नालाल बालाराम पाटीदार, कनेरी रोड
- अब्दुल वहीद अब्दुल कलाम, मोहन टॉकिज
- बालकृष्ण रामनारायण पिपलोदिया, महावीर नगर
- सुमीत बंशीलाल गांधी
- राजेश बाबूलाल कटकानी, पोरवाड़ों का वास
- राधाबाई पति मनोहरलाल शर्मा
- राकेश मनोहरलाल
- विशाल मनोहरलाल शर्मा
- पंकज शांतिलाल श्रीमाल, बाजना बस स्टैंड
- अरूणा विजेंद्र पितलिया, गुलमोहर कॉलोनी
- विजेंद्र पितलिया, गुलमोहर कालोनी

**अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई बंद -** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चल रही मुहीम फिलहाल ठप है। शिकायतें होने के बावजूद ढाई माह से एक भी कॉलोनी पर कार्रवाई नहीं की है। इसका कारण भूमाफिया का दबाव और 11 दिसंबर को दौरे पर आए मुख्यमंत्री की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और तत्कालीन एसपी गौरव तिवारी को दी चेतावनी बताई जा रही है। इसके चलते अफसर कहीं भी हाथ नहीं डाल रहे हैं। सरकारी अमले का फोकस सरकारी जमीन का अतिक्रमण और प्लॉटों का अवैध कब्जा हटाने पर है।

### तथ्य जुटाकर सबूत सहित चालान पेश करेंगे

*एक अवैध कॉलोनाइजर तेज सिंह धभाई को अग्रिम जमानत मिल चुकी है। प्रकरण की जांच कर रहे हैं। रिकॉर्ड से तथ्य जुटाने के बाद सबूत सहित चालान पेश करेंगे।*

**किशोर पाटनवाला,** थाना प्रभारी-स्टेशन रोड

### अवैध कॉलोनियों का रिकॉर्ड मंगवाया है

*चार प्रकरण दर्ज है। सब मामले की जांच चल रही है। राजस्व, रजिस्ट्रार व अन्य विभागों से अवैध कॉलोनियों के संबंध में रिकॉर्ड भी मंगाया है। अब तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया है।*

**शिव मंगल सिंह सेंगर,** थाना प्रभारी-डीडी नगर

दै. भास्कर 25/2/22

## गंदगी फैलाने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

स्वच्छता अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम अमला कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार को गंदगी करने पर सुभाष नगर स्थित घोसी समाज मदरसा पर 5000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाकर वसूला।

उधर, गुरुवार को 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। इसमें डंपर से 28910, ट्रैक्टर से 16915, कॉम्पेक्टर से सूखा 15195 व गीला गीला 21895, मैजिक से सूखा 940 और गीला 730, किलो आया। न्यू अलकापुरी में विजय व्यास द्वारा खुले में यूरीन करने व नाली पर अतिक्रमण कर टेंट सामग्री रखने पर 500 रुपए, कैलाश, रामकुमार शर्मा, सलीम पर 100 रुपए, राधेश्याम पर 50 रुपए का जुर्माना लगाया। कार्रवाई स्पॉट फाइन टीम ने की। प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर गुरुवार को बालाजी रेस्टोरेंट, मौर्य नमकीन पावर हाउस रोड, राजेंद्र चाट सेंटर व राधाबाई सोलंकी पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

## शिवनगर में 70 अवैध नल कनेक्शन होंगे वैध

**रतलाम** | अवैध नल कनेक्शन काटने की मुहिम रंग लाने लगी है। अवैध नल कनेक्शन से पानी ले रहे रहवासी उसी कनेक्शन को वैध कराने आगे आने लगे हैं। वार्ड एक शिवनगर झुग्गी झोपड़ी के 70 मकान वालों ने दो दिन में 2.10 लाख रुपए नगर निगम में जमा करा दिए हैं। नगर निगम उनके नल कनेक्शन वैध कर देगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया अवैध नल कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार चलेगी। ऐसे लोग 10 मार्च के पहले विधिवत राशि जमा करवाकर अवैध नल कनेक्शन को वैध करवा सकते हैं।

## 19 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम** | गुरुवार को सुबह व दोपहर की सफाई व्यवस्था में 19 कर्मचारी बिना बताए ड्यूटी पर नहीं आए। सुबह 6 बजे पर्यवेक्षकों की चेकिंग में 11 तथा दोपहर के निरीक्षण में 8 सफाई कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। रिपोर्ट मिलने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। इनमें जोन एक में 9, जोन दो में 7, जोन चार के 3 कर्मचारी शामिल हैं। साथ ही सभी को बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है। तीन दिन में जवाब देना होगा।

दै. भास्कर 25/2/22

# मंगलमूर्ति रेसिडेंसी के रहवासियों ने की कॉलोनाईजर की शिकायत

## आरक्षित प्लाटों को बेचने का लगाया आरोप, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

रतलाम ■ नरेन्द्र अग्रवाल

रिद्धी-सिद्धी कॉलनी के एवेन्यू निर्माण में साठगांठ कर नियम विपरित नाले के ऊपर मंदिर निर्माण एवं बगीचा बना दिए गए। जिसकी पूर्व में रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के रहवासियों ने शिकायत भी दर्ज करायी थी जिस पर अभी तक कोई करवाई नहीं हुई। ऐसे ही नियम विपरित कार्य से सुर्खियों में आए मेसर्स निमंत्रण कंस्ट्रक्शन के खिलाफ अब मंगलमूर्ति रेसिडेंसी विकास समिति आगे आ गई है। वादों पर खरा नहीं उतरने पर कॉलोनाइजर मेसर्स निमंत्रण कंस्ट्रक्शन के खिलाफ मंगलमूर्ति के रहवासियों ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को शिकायत की।

मामले की गंभीरता पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को जांच के लिए निर्देशित किया है। 13 बिंदुओं की लिखित समस्याओं को लेकर मंगलमूर्ति रेसिडेंसी के रहवासियों ने कलेक्टर पुरुषोत्तम से मुलाकात की। रहवासियों ने आरोप लगाया कि मेसर्स निमंत्रण कंस्ट्रक्शन द्वारा कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र के विपरित निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षित भूमि पर फ्लेट निर्माण न करते हुए उक्त भूमि को अन्य प्रयोजन के लिए बेच दिया। इसके अलावा नक्शे के अनुसार कॉलोनी के मंदिर प्रांगण के पीछे स्थित भूमि पर सर्विस एरिया/ यूटिलिटी एरिया को समिति के सुपूर्द नहीं करते हुए अन्य किसी को बेच दी गई, जबकि रहवासियों को भूखंड विक्रय के दौरान कॉलोनाइजर मेसर्स निमंत्रण कंस्ट्रक्शन ने वादा किया था कि मंदिर प्रांगण के पीछे की भूमि को कॉलोनी समिति की बैठक व्यवस्था और समिति की सामग्रीयों के रखने के लिए दी जाएगी। इसके अलावा पूर्व में कॉलोनाइजर ने नियमानुसार सामुदायिक सुविधा घर बनाने की भी बात कही थी, लेकिन कॉलोनाइजर अपनी बात से मुकर गया। जिससे कॉलोनी के गार्ड, चौकीदार सहित मालियों के अलावा अन्य तरह की सेवा देने के लिए आने वाले कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मेसर्स निमंत्रण कंस्ट्रक्शन ने मंगलमूर्ति कॉलोनी के मानचित्र के विपरित उद्यान, ड्रेनेज, जल एवं प्रकाश व्यवस्था की है, जिससे रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है। इस सम्बन्ध में राजएक्सप्रेस के ब्यूरो चीफ द्वारा निमंत्रण कंस्ट्रक्शन के विजय पिपाडा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा की हम शिकायत का जवाब देंगे और हमे जो करना है वो हम देख लेंगे। मंगलमूर्ति रहवासियों की समस्याओं पर सुनवाई पश्चात कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच निगमायुक्त को सौंपी। कलेक्टर को शिकायत सौंपने के दौरान समिति अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा एवं सचिव कुशलपाल सिंह वर्मा सहित रहवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

२१७

राजएक्सप्रेस २५/१/२२

# स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

## विधायक श्री काश्यप ने बटन दबाकर किया शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे ।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो , इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभा व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया आभार राधेश्याम मारू ने माना।

इस अवसर पर पूर्व महापौ शैलेन्द्र डागा,वरिष्ठ नेता मनोह पोरवाल, प्रदेश कार्य समि सदस्य निमिष व्यास, मंड अध्यक्ष आदित्य डागा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिं लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा प्रकाश व्यास,बलराम श सहित निगम अधिकारी,कर्मचा व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

अवन्तिका

अवन्तिका / 25/2/22



# स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे ।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो , इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है। मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना।

इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा,वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 25/2/22

# स्ट्रीट लाइट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

## विधायक काश्यप ने बटन दबाकर किया शुभारंभ





रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना।


इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, कन्हैयालाल मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

इन्दौर

इन्दौर समाचार २८/१/२२

# उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से मिलेगा 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



शासन की योजना अनुसार उचित मूल्य दुकानों को आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बनाने के लिए वहां 5 किलोग्राम की मात्रा वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की खुदरा विक्री की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को संबंधित नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर उनसे एमओयू संपादित करवाने हेतु प्रेरित करें और की गई कार्यवाई से 15 दिवस में अवगत कराएं।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि उक्त योजना प्रवासी मजदूरों, प्रवासी परिवारों अथवा शहरी क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जो अपने निवास या पता देने में असमर्थ है अथवा ऐसे व्यक्ति जिनके एलपीजी की मासिक खपत साढ़े 14 किलोग्राम से कम है या जो सड़क के किनारे ठेले लगाते हैं उनके लिए अत्यधिक राहत प्रदान करेगी। योजना में एलपीजी के अधिकृत वितरक तथा उचित मूल्य दुकानदार के बीच अनुबंध एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा सिलेंडर, रेगुलेटर तथा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहां प्रत्येक 15 दिन में उचित मूल्य दुकानदार के साथ सिलेंडर तथा उसके लेखों का मिलान कर उसका रिकार्ड संधारित करेगा।

सुरक्षा संबंधित मापदंडों के बारे में क्षेत्र में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलोग्राम से अधिक एलपीजी अर्थात 20 सिलेंडर से अधिक संख्या नहीं रहेगी। उचित मूल्य दुकानदार को वितरक द्वारा वर्तमान दर के अनुसार प्रति सिलेंडर 45 रूपए कमीशन प्राप्त होगा।

प्रसारण

प्रसारण / २५/२/२२

# स्ट्रीट लाइट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

## विधायक काश्यप ने बटन दबाकर किया शुभारंभ





मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, कन्हैयालाल मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

दबंग दुनिया २५/२/२२